अमर उजाला 17-08-2024

एंटी रैगिंग के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

एंटी रैगिंग जागरुकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्राचार्य व अन्य। संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में यूजीसी के दिशा निर्देशानुसार एंटी रैगिंग सैल द्वारा अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

यह एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत पांचवां दिन था। सैल की संयोजिका डॉ. सीमा कंसल ने वहां मौजूद सभी विद्यार्थियों को अभियान की महत्ता के बारे में बताया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें इनसे होने वाले मानसिक एवं शारीरिक हानि के विषय में समझाया और यह भी बताया कि इस प्रकार की गैर कानूनी गतिविधियों की कॉलेज हमेशा से ही निंदा करता आया है।